तत्काल

संख्या- 16/871/84-1-13-18बामा/2013

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 18 सितम्बर, 2013

विषय- वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान, चॉदपुर (बिजनौर) के कार्यालय/प्रयोगशाला भवन किराया स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 305/निविमावि-4-भवन(चॉदपुर) 110/09, दिनॉक 22-8-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र में 606.31 वर्गफीट कारपेट एरिया का उल्लेख है किन्तु सहायक नियंत्रक के प्रस्ताव में 65.34 वर्गमीटर दर्शाया गया है। यदि एक वर्गमीटर में 10.764 वर्गफीट होते हैं तो इस आधार पर कारपेट एरिया 703.32 वर्गफीट होना चाहिए। अत: अनुरोध है कि कृपया उक्त भिन्नता के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए समुचित प्रस्ताव सम्यक् परीक्षणोपरान्त शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in